Title: Need to rename the Mumbai Central Railway Station as the Babasaheb Ambedkar Station.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : सभापति महोदय, बाबा साहेब अम्बेडकर जो भारतीय संविधान के निर्माता थे, मैंने उनके बारे में तीन-चार बार रेल मंत्रालय को लिखा कि मुम्बई सैंट्रल स्टेशन का नाम बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम पर होना चाहिए लेकिन अभी तक इस बारे में कोई निर्णय नहीं हुआ है। ऐसे ही छत्रपति शिवाजी और लोकमान्य तिलक का भी देश में बहुत नाम है। मूर्ति जी यहां बैठे हैं। वह मेरे मित्र हैं। मेरा निवेदन है कि मुम्बई सैंट्रल स्टेशन का नाम बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम पर होना चाहिए। इस बारे में रेल मंत्रालय को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet again at 2.45 p.m.

14.00 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till forty-five minutes

past Fourteen of the Clock.